उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पट्टाभि रामा राव) : (क) जी, नहीं।

(ख) तथा (ग) प्रश्न नहीं उठता।

मन्दसौर जिले में सीमेंट निगम द्वारा लीज पर ली गई जमीन में उत्खनन कार्य

1806. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल** : क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश के मन्दसौर जिले के ग्राम खेड़ा राठोर में लीज पर ली गई जमीन का उत्खनन कार्य भारतीय सीमेन्ट निगम ने किया था ;

(ख) तो उसमें कितना चूना पत्थर पाया गया और इसकी क्वालीटी का ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या उक्त क्षेत्र को किसी सौदे के अंतर्गत एक गैर-सरकारी पार्टी को दिया जा रहा है और क्या उसके बदले में नया गांव कैसरपुरा का क्षेत्र सीमेंट निगम को दिये जाने पर विचार किया जा रहा है ;

(घ) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ;

(ङ) क्या गांव कैसरपुरा क्षेत्र की जमीन में उत्खनन का कार्य किस के द्वारा किया गया ; और

(च) उक्त दोनों क्षेत्रों पर उत्खनन कार्यों पर सीमेंट निगम द्वारा कुल कितनी धनराशि व्यय की गई ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पट्टाभि रामा राव) : (क) जी, नहीं। यद्यपि खनन पट्टे की स्वीकृति भारतीय सीमेंट निगम को दी गई है लेकिन भूमि का अभी अधिग्रहण किया जाना है।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

(ग) निगम के पास कोई भी प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(घ) प्रश्न ही नहीं उठता।

(ङ) भारतीय सीमेंट निगम अपने विद्यमान सीमेंट संयंत्र के लिए नया गांव केसरपुरा आदि ग्रामों के कुछ क्षेत्रों सहित खनन पट्टे पर ली गई भूमि में चूना पत्थर निक्षेपों का विदोहन कर रहा है।

(च) मन्दसौर जिले के खेड़ा राठोर ग्राम में उत्खनन पर कोई व्यय नहीं हुआ है। नयागांव-कैसरपुरा में उत्खनन पर 31-3-1984 तक 3.79 करोड़ रुपये की राशि व्यय की गई है।

D.T.C, service between Madras Hotel and Ghaziabad

1807. SHRI SYED AHMAD HASHMI: Will the Minister of SHIPPING AND TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether Government have received complaints regarding irregular services of the Delhi Transport Corporation buses between Madras Hotel and. Ghaziabad;

(b) the number of buses plying on the above route with frequency; and

(c) whether there is any proposal under Government's consideration to increase rte number of buses on the route?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SHIPPING AND TRANSPORT (SHRI Z. R. ANSARI): (a) Yes, Sir.

(b) 14 buses with 15|30 minutes frequency are being run on Madras. Hotel-Ghaziabad route,

(c) No, Sir. Extension of services to towns located in the territorial jurisdiction of other States depends upon the provisions of the inter-State Agreements between the concerned State? and any increase is possible only when such an agreement is revised]modified.